कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी माधवपुरम,मेरठ।
दूरभाष / फैक्स 0121–2400444 ई–मेल rheomeerut@yahoo.com वैबसाईट
www.rheomrt.org

पत्रांक–क्षे0का0मे0 / 2205 / 2016–17 दिनांक 15.10 2016

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त शासकीय / अशासकीय / स्ववित्तपोषित
महाविद्यालय / संस्थान।
**जनपद–मेरठ**

विषय: डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016–17 हेतु चयनित ग्रामों में पिछडा वर्ग कल्याण विभाग से संबंधित "अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,मेरठ के पत्र संख्या 343 दिनांक 13 अक्टूबर 2016(छाया प्रति संलग्न) का संदर्भ लेने का कष्ट करें जिसके माध्यम से डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016–17 हेतु चयनित ग्रामों में पिछडा वर्ग की "अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आपको निर्देशित किया जाता है कि जो महाविद्यालय / संस्थाऐं लोहिया ग्रमों के अन्तर्गत आते / आती हैं। उन ग्रामों से संबंधित ऐसे छात्र / छात्राओं जिनका छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के ऑनलाईन आवेदन पत्र नहीं भरे जा सके है। उनकी सूची तत्काल जिला अन्य पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,मेरठ को प्रेषित करते हुए प्रति अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस प्रसंग में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो।

संलग्नक–जि0अ0पि0वर्गकल्याण अधिकारी का पत्र
एवं ग्रामों की सूची।

भवदीय,

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
मेरठ

पृ0सं0: / 2016–17 तददिनांकित।

प्रतिलिपि–निम्नांकित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1–जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,मेरठ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने स्तर से भी वांछित कार्यवाही करने का कष्ट करें।

2–मुख्य विकास अधिकारी,मेरठ।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
मेरठ

तत्काल / महत्वपूर्ण
ई-मेल द्वारा

प्रेषक,

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

सेवा में,

1. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
मेरठ।
2. जिला विद्यालय निरीक्षक,
मेरठ।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ
3498 13/10/16

पत्रांक 343 /पि0व0क0/डा0रा0म0लो0 /2016-17, दिनांक 13 अक्टूबर, 2016

**विषयः-डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016-17 हेतु चयनित ग्रामों में पिछडा वर्ग कल्याण विभाग से संबधित 'अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण कार्यकम' में सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0 1042 दिनांक 04 अक्टूबर, 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016-17 हेतु चयनित ग्रामों मे पिछडा वर्ग कल्याण विभाग से संबंधित अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम हेतु चयनित 21 ग्रामों के सापेक्ष जुलाई, 2016 तक प्रगति संतोजनक नही पाये जाने एवं चयनित ग्रामों का शत-प्रतिशत संतृप्तीकरण कराते हुये माह अगस्त, 2016 एवं भविष्य में तदनुसार प्रगति आख्या समग्र विकास विभाग एवं शासन को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी हैं।

उक्त के अतिरिक्त इस सम्बन्ध में दिनांक 30.09.2016 को प्रमुख सचिव, समग्र ग्राम विकास विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह भी स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि अन्य पिछडा वर्ग छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम के तहत जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारियों द्वारा इस आशय से अपने जनपदों का निरीक्षण किया जाये कि किन-किन छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन-पत्र नही भरे जा सके हैं, उनके आवेदन पत्र अभियान के तहत समयान्तर्गत भरवाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाये एवं निरीक्षण के उपरान्त लक्ष्य तय कर लें और सम्पूर्ण सूचना निदेशालय एवं समग्र ग्राम विकास विभाग को उपलब्ध कराया जाये।

अतः उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत वर्ष 2016-17 हेतु चयनित ग्रामों में संस्थाओं/विद्यालयों के छात्रों की सूची तत्काल कार्यालय को उपलब्ध करायी जाये जिससे जनपद में विद्यालय/छात्रों का निरीक्षण किया जाना हैं कि किन-किन छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन-पत्र नही भरे जा सके हैं, उनके आवेदन पत्र अभियान के तहत समयान्तर्गत भरवाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाये जिससे ससमय सम्पूर्ण सूचना निदेशालय एवं समग्र ग्राम विकास विभाग को उपलब्ध कराई जा सके।

भवदीया,
(पारिशा मिश्रा)
जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

**पृष्ठांकन संख्या तददिनांकित।**

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, मेरठ।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, मेरठ।

जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

(0121) 2642901
2662824

# रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

पत्रांक : ...............                                                    दिनाँक 19.10.2016

सेवा में,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

द्वारा,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मेरठ।

**विषय : सत्र 2016—17 की सामान्य वर्ग/जाति छात्राओं की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अभिलेख/सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि रघुनाथ गर्ल्स (पी0जी0) कॉलिज, मेरठ के सत्र 2016—17 के सामान्य वर्ग/जाति की ~~235~~ 236 छात्राओं के छात्रवृत्ति फार्मों की सूची, फार्म भेजे जा रहे हैं। संलग्न सूची में कक्षावार छात्राओं का विवरण दर्शाया गया है। सूची में अंकित छात्राएँ संस्थागत हैं तथा सभी छात्राओं के प्रवेश विधिवत् हैं।

अतः संलग्न सूची के छात्रवृत्ति फार्मों की प्राप्ति स्वीकार करके छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति निर्गत करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया,

(श्रीमती स्नेह गुप्ता)
प्राचार्या

(PRINCIPAL)
R.G.P.G. COLLEGE
MEERUT

नोडल अधिकारी (छात्रवृ...
कार्यालय
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

☎ (0121) 2642901
2662824

# रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

पत्रांक : ..............

दिनाँक 19.10.2016

सेवा में,

जिला अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

द्वारा,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मेरठ।

**विषय : सत्र 2016–17 की अन्य पिछड़ा वर्ग/जाति छात्राओं की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अभिलेख/सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि रघुनाथ गर्ल्स (पी0जी0) कॉलिज, मेरठ के सत्र 2016–17 के अन्य पिछड़ा वर्ग/जाति की 573 छात्राओं के छात्रवृत्ति फार्मों की सूची, फार्म भेजे जा रहे हैं। संलग्न सूची में कक्षावार छात्राओं का विवरण दर्शाया गया है। सूची में अंकित छात्राएँ संस्थागत हैं तथा सभी छात्राओं के प्रवेश विधिवत् हैं।

अतः संलग्न सूची के छात्रवृत्ति फार्मों की प्राप्ति स्वीकार करके छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति निर्गत करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया,

(श्रीमती स्नेह गुप्ता)
प्राचार्या

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

# रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

(0121) 2642901, 2662824

पत्रांक : ................

दिनाँक 19.10.2016

सेवा में,

जिला समाज कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

द्वारा,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मेरठ।

**विषय : सत्र 2016–17 की अनु0जाति/अनु0जनजाति वर्ग की छात्राओं की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अभिलेख/सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि रघुनाथ गर्ल्स (पी0जी0) कॉलिज, मेरठ के सत्र 2016–17 के अनु0जाति/अनु0जनजाति वर्ग की 509 छात्राओं के छात्रवृत्ति फार्मों की सूची, फार्म भेजे जा रहे हैं। संलग्न सूची में कक्षावार छात्राओं का विवरण दर्शाया गया है। सूची में अंकित छात्राएँ संस्थागत हैं तथा सभी छात्राओं के प्रवेश विधिवत् हैं।

अतः संलग्न सूची के छात्रवृत्ति फार्मों की प्राप्ति स्वीकार करके छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति निर्गत करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया,

(श्रीमती स्नेह गुप्ता)
प्राचार्या

(PRINCIPAL)
R.G.P.G. COLLEGE
MEERUT

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

(0121) 2642901
2662824

# रघुनाथ गर्ल्स (पी०जी०) कॉलिज, मेरठ

पत्रांक : ...............                                                                 दिनाँक 19.10.2016

सेवा में,

जिला अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण अधिकारी,
मेरठ।

द्वारा,

जिला विद्यालय निरीक्षक,
मेरठ।

**विषय : सत्र 2016–17 की अल्पसंख्यक वर्ग/जाति छात्राओं की छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु अभिलेख/सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

निवेदन है कि रघुनाथ गर्ल्स (पी0जी0) कॉलिज, मेरठ के सत्र 2016–17 के अल्पसंख्यक वर्ग/जाति की 453 छात्राओं के छात्रवृत्ति फार्मों की सूची, फार्म भेजे जा रहे हैं। संलग्न सूची में कक्षावार छात्राओं का विवरण दर्शाया गया है। सूची में अंकित छात्राएँ संस्थागत हैं तथा सभी छात्राओं के प्रवेश विधिवत् हैं।

अतः संलग्न सूची के छात्रवृत्ति फार्मों की प्राप्ति स्वीकार करके छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति निर्गत करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

भवदीया,

नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति,
कार्यालय
क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
मेरठ

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

(श्रीमती स्नेह गुप्ता)
प्राचार्या

(PRINCIPAL)
R.G.P.G. COLLEGE
MEERUT